दिनांकः- 23.03.2021

# महोबा पुलिस

सोशल मीडिया सेल

## `गुड मॉर्निंग महोबा` कार्यक्रम के तहत जनपदीय पुलिस ने 'मार्निंग वॉक' कर जाना जनपदवासियों का हाल

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री अरुण कुमार श्रीवास्तव की पहल पर जनपद में संचालित किये जा रहे *गुड मार्निंग महोबा* कार्यक्रम के तहत आज दिनांक 23.03.2021 को जनपदीय पुलिस ने `गुड मॉर्निंग महोबा` कहकर लोगों का अभिवादन किया और क्षेत्र में मॉर्निंग वॉक कर रहे बड़े/बुजुर्ग/महिलाऐं/बच्चो से बात की व उनकी समस्याओं के बारे में पूछा गया।

गुड मार्निंग महोबा कार्यक्रम के तहत आगामी त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के मद्देनजर जनपद वासियों से संवाद स्थापित किया जा रहा है, इस कार्यक्रम के द्वारा क्षेत्र में असामाजिक गतिविधियों पर भी पैनी नजर रखी जा रही है जिससे प्रातःकालीन होने वाले अपराधों में कमी आयी है व लोंगों का जनपदीय पुलिस पर विश्वास बढ रहा है।

समस्त थानों की गुड मार्निंग टीमों द्वारा छात्र/छात्राओं से मार्निंग वाक के दौरान उनकी पढ़ाई/परीक्षाओं की तैयारियों के बारे में भी वार्ता की गई एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। साथ ही महिलाओं एवं बालिकाओं को सुरक्षा का अहसास कराया गया। इस पहल से जनपदवासियों एवं पुलिसकर्मियों के मध्य संवाद हो रहा है, जिससे महोबा पुलिस की छवि 'मित्र पुलिस' के रूप में उभर रही है। 'गुड मॉर्निंग महोबा' कार्यक्रम पुलिस और नागरिकों के बीच संवाद की कमी को भी दूर कर रहा है।








Mahoba

# महोबा पुलिस

दिनांकः- 23.03.2021

सोशल मीडिया सेल

## थाना महोबकंठ पुलिस ने 750 ग्राम अवैध सूखे गांजे के साथ अभियुक्ता को किया गिरफ्तार...।

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री अरुण कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन पर तथा अपर पुलिस अधीक्षक श्री आर0के0 गौतम एंव क्षेत्राधिकारी कुलपहाड श्री राजकुमार पाण्डेय के निकट पर्यवेक्षण में अपराध पर अंकुश लगाने एवं अपराधियों के विरुद्ध गिरफ्तारी अभियान के क्रम में दिनाँक 22.03.2021 को थानाध्यक्ष महोबकंठ श्री लाखन सिंह द्वारा गठित उ0नि0 सुनील कुमार, महिला आरक्षी आकांक्षा पटेल व टीम ने अभियान में सम्मलित होकर मुखबिर खास की सूचना पर रगौली जाने वाली सडक पर वह्द ग्राम परावारी से अभियुक्ता रामसखी पत्नी प्रेमचन्द्र रिछारिया उम्र 42 वर्ष मूल निवासी जनता इण्टर कालेज के पास कस्बा व थाना कुलपहाड हाल पता ग्राम परावारी थाना महोबकंठ जनपद महोबा अभियुक्ता के कब्जे से 750 ग्राम सूखा गांजा बरामद हुआ जिसके संबंध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 33/21 धारा 08/20 **NDPS Act** पंजीकृत करते हुये आवश्यक विधिक कार्यवाही सम्पादित कर मां0 न्यायालय पेशी हेतु भेजा गया।

### गिरफ्तार करने वाले पुलिस बल का विवरण-

1. उ0नि0 सुनील कुमार
2. म0कां0 आकांक्षा पटेल 3. कां0 संदीप सिंह 4. कां0 अंकेश कुमार।

### गिरफ्तार अभियुक्ता का विवरण...।

रामसखी पत्नी प्रेमचन्द्र रिछारिया उम्र 42 वर्ष मूल निवासी जनता इण्टर कालेज के पास कस्बा व थाना कुलपहाड हाल पता ग्राम परावारी थाना महोबकंठ जनपद महोबा ।



Mahoba Police

# महोबा पुलिस

दिनांकः- 23.03.2021

सोशल मीडिया सेल

## थाना कबरई पुलिस टीम ने 04 नफर वांछित अभियुक्तों को किया गिरफ्तार...।




पुलिस अधीक्षक महोबा श्री अरुण कुमार श्रीवास्तव के आदेशानुसार जनपद में आगामी त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव व होली त्यौहार को सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु जनपदीय पुलिस द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक श्री आर.के.गौतम के निर्देशन पर तथा क्षेत्राधिकारी नगर श्री रामप्रवेश राय के कुशल पर्यवेक्षण में आज दिनांक 23.03.2021 को कबरई थाना प्रभारी उ0नि0 श्री महेन्द्र सिंह तोमर द्वारा गठित जिसमें उ0नि0 सुमित नारायण तिवारी के नेतृत्व में टीम द्वारा थाना हाजा पर पंजीकृत मु0अ0सं0 104/21 धारा 147/148/308/323/504/427 भादवि मे वांछित चल रहे अभियुक्तगणो क्रमशः 1. नीरज कुमार पुत्र छंगा प्रसाद राजपूत उम्र 26 वर्ष 2. रिंकू राजपूत पुत्र राजेन्द्र सिंह उम्र करीब 20 वर्ष 3. कृष्णा राजपूत पुत्र हुकुम सिंह उम्र करीब 18 वर्ष 4. सलमान खान पुत्र पप्पू खान उम्र करीब 19 वर्ष को गहरा मोड तिराहे थाना कबरई से गिरफ्तार कर मां0 न्यायालय पेशी हेतु भेजा गया।

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम –

1. उ0नि0 सुमित नारायण तिवारी..
2. कां0 विक्रम सिंह 3. कां0 धर्मेन्द्र कुमार 4. कां0 धर्मवीर कुमार

### गिरफ्तार वांछित अभियुक्तों का विवरण...।

1. नीरज कुमार पुत्र छंगा प्रसाद राजपूत उम्र 26 वर्ष नि0 नटर्रा थाना चरखारी
2. रिंकू राजपूत पुत्र राजेन्द्र सिंह उम्र करीब 20 वर्ष नि0 दमदमा थाना खरेला
3. कृष्णा राजपूत पुत्र हुकुम सिंह उम्र करीब 18 वर्ष नि0 मु0 जयेन्द्र नगर चरखारी
4. सलमान खान पुत्र पप्पू खान उम्र करीब 19 वर्ष नि0मु0 हटवारा थाना चरखारी जिला

# “मिशन शक्ति” अभियान के तहत बालिकाओं एवं महिलाओं को सुरक्षा सम्बन्धी अधिकारों के प्रति किया गया जागरूक...।

आज दिनाँक **23.03.2021** को पुलिस अधीक्षक महोबा श्री अरुण कुमार श्रीवास्तव के कुशल निर्देशन में जनपद में संचालित हो रहे “मिशन शक्ति” महाभियान कार्यक्रम के तहत नोडल अधिकारी मिशन शक्ति निरीक्षक रचना सिंह मय टीम के साथ **जूनियर हाईस्कूल टीकामऊ, महोबा** में आयोजित मिशन शक्ति जागरुकता कार्यक्रम के अन्तर्गत उपस्थित बालिकाओं एवं महिलाओं को नारी सम्मान, नारी स्वावलंबन व नारी सुरक्षा के प्रति जागरुक करते हुये गुड टच/बैड टच के बारे में बताया गया साथ ही यह भी कहा कि सभी छात्रायें अपने अधिकारों के प्रति सजग और जागरुक रहें आज के समय में छात्रायें किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं है आप अपनी शक्ति को पहचाने।







इसी क्रम में कहा कि स्कूल आते जाने समय हमेशा सतर्क रहें और रास्ते में यदि कोई आपका पीछा करता है या कोई अपशब्द/अश्लील बातें या फब्तियां कसता है तो आप सभी को अपने सम्मान, अपनी सुरक्षा व स्वावलंबन के प्रति जागरुक होकर तत्काल असामाजिक तत्वों के विरुद्ध हेल्पलाइन नम्बरों- **112, 1090, 1076** या अपने नजदीकी पुलिस थाने को सूचना दें या फिर पुलिस के ट्वीटर हैंडल **@mahobapolice** का भी प्रयोग कर शिकायत दर्ज कराते हुये शोहदों को उनका सबक सिखायें इसी क्रम में सभी को जनपद के प्रमुख अधिकारियों के सीयूजी नंबरो के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही उन्हे साइबर अपराध एवं महिला कानूनो की भी जानकारी दी देते हुये सभी को मिशनशक्ति जागरुकता पम्पलेट्स का वितरण भी किया गया।

## आगामी त्योहार होली, शबे-बरात, गुड फ्राइडे एवं पंचायत चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा महोबा शहर में पैदल गस्त किया गया तथा शहीद दिवस के अवसर पर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की





आज दिनाँक 23.03.2021 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्री अरुण कुमार श्रीवास्तव द्वारा आगामी त्योहार होली, शबे-बरात, गुड फ्राइडे एवं पंचायत चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से महोबा शहर में क्षेत्राधिकारी नगर श्री रामप्रवेश राय तथा प्रभारी निरीक्षक कोतवाली के साथ आल्हा चौक , बाजार आदि क्षेत्रों में पैदल गस्त किया गया । इस दौरान अखंण्ड हिन्द फौज व समाज सेवी दाऊ तिवारी आदि लोगों नें पैदल गस्त में भाग लिया। प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष द्वारा अपने-अपने क्षेत्रातंर्गत जनमानस के मध्य सुरक्षा की भावना उत्पन्न करने के उद्देश्य से पैदल गस्त किया गया। पैदल गस्त के दौरान सघन चेकिंग अभियान चलाया । जिसके तहत थानों द्वारा क्षेत्र के असामजिक तत्वों, संदिग्ध वाहनों/व्यक्तियों की चेकिंग की गई। इसके साथ ही मुख्य बाजार/शराब की दुकाने/भांग की दुकाने आदि की चेकिंग की गई । यातायात नियमो के तहत 38 ई-चालान भी किये गये। साथ ही लोगो से वार्ता की भी गई ।इसी क्रम में जनपदीय पुलिस द्वारा अपने-अपने थानाक्षेत्र में शराब की दुकानों पर अवैध/मिलावटी शराब बिक्री की रोकथाम हेतु निरीक्षण किया गया व आवश्यक दिश-निर्देश दिये गये।

इसी क्रम में शहीद दिवस के अवसर पर अखंण्ड हिन्द फौज के नेतृत्व में अम्बेडकर पार्क में आयोजित कार्यक्रम में पहुँचकर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की तथा शहीदों को याद किया। इस मौके पर सामाजिक कार्यकर्ता दाउ तिवारी आदि लोग मौजूद किया गया है।





Mahoba Police

# उपजिलाधिकारी नगर तथा क्षेत्राधिकारी नगर द्वारा थाना कोतवाली नगर में धर्मावलम्बियों व सम्भ्रन्त व्यक्तियों के साथ पीस कमेटी की मीटिंग की गयी



आज दिनांक 23.03.2021 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्री अरुण कुमार श्रीवास्तव के कुशल निर्देशन में आगामी त्योहार होली, शबे-बरात, गुड फ्राइडे एवं पंचायत चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से उपजिलाधिकारी नगर और क्षेत्राधिकारी नगर की उपस्थिति में थाना कोतवाली नगर में पीस कमेटी की बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली श्री अनूप दुबे को होलिका दहन के प्वाइंट का निरीक्षण करने तथा चुनाव के दृष्टिगत रखते हुए शस्त्र जमा कराने सम्बन्धी जानकारियां लीं। इसके उपरांत उन्होनें उपस्थित सभी समुदाय के सदस्यों से अपनी-अपनी राय देने को कहा, जिस पर लोगों ने बताया कि महोबा जनपद में सामुदायिक सौहार्द व भाईचारे के साथ पर्व मनाते आये हैं और आगे भी मनायेंगे। हमारे जनपद में किसी भी तरह के माहौल में खराबी नहीं आती है और यदि कोई समस्या आती भी है तो जनपद के प्रशासनिक अधिकारियों व सभी समुदाय के संभ्रांत व्यक्तियों के साथ सामंजस्य मिलाकर हल कर लिया जाता है, जिससे किसी भी तरह का माहौल बिगड़ने की संभावना नहीं रहती है। क्षेत्राधिकारी नगर ने सभी समुदाय के लोगों को आश्वस्त करते हुए कहा कि इन पर्वों पर सुरक्षा की चाक-चौबंद व्यवस्था की जा रही है और होलिका दहन के प्वांइट पर जिन पुलिस कर्मियों की सुरक्षा ड्यूटी लगायी जायेगी वे होलिका दहन से लेकर रंगों के पूरे पर्व पर उसी पॉइंट पर ड्यूटी करेंगे।





Mahoba Police

## थाना महोबकंठ पुलिस की संयुक्त टीमों नें अवैध 60 ली0 कच्ची शराब सहित 03 नफर अभियुक्ता को किया गिरफ्तार



आज दिनांक 23.03.2021 को पुलिस अधीक्षक महोबा के कुशल निर्देशन में चलाये जा रहे अवैध शराब बरामगदी अभियान के तहत थानाप्रभारी महोबकंठ श्री लाखन सिंह द्वारा गठित संयुक्त टीमों नें अभियान में सम्मिलित होकर अभियुक्ता 1- श्रीमती सुनीता पत्नी मनीष कबूतरा उम्र करीब 30 वर्ष निवासी कबूतरा डेरा महोबकंठ कस्वा व थाना महोबकंठ 2- श्रीमती जमुना कबूतरा पत्नी नारायन कबूतरा उम्र करीब 59 वर्ष 3- श्रीमती प्रीति पत्नी महेश कबूतरा उम्र करीब 25 वर्ष निवासीगण कबूतरा डेरा लिलवा थाना महोबकंठ जनपद महोबा के कब्जे से बरामदा माल **03 अदद प्लास्टिक के डिब्बे मे कुल 60 ली0 कच्ची शराब नाजायज महुआ** के साथ गिरफ्तार किया गया । जिनके विरुद्ध थाना स्थानीय पर मु0अ0स0 –34/21, 35/21, **36/21 धारा 60** आबकारी अधिनियम पंजीकृत किया गया है ।

**बरामदगी-** **03 अदद प्लास्टिक के डिब्बे मे कुल 60 ली0 कच्ची शराब नाजायज महुआ**

**अभियुक्ता गण का नाम व पता -**

**1.** 1- श्रीमती सुनीता पत्नी मनीष कबूतरा उम्र करीब 30 वर्ष निवासी कबूतरा डेरा महोबकंठ कस्वा व थाना महोबकंठ

2- श्रीमती जमुना कबूतरा पत्नी नारायन कबूतरा उम्र करीब 59 वर्ष

3. श्रीमती प्रीति पत्नी महेश कबूतरा उम्र करीब 25 वर्ष निवासीगण कबूतरा डेरा लिलवा थाना महोबकंठ जनपद महोबा

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण (प्रथम टीम)-**

**1.**उ0नि0 श्री सुनील कुमार

2. हे0कां0 शिशुपाल सिंह ,

3.म0कां0 आरती यादव

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण(द्वितीय टीम)-**

**1.**उ0नि0 श्री दशरथ सिंह

2. कां0 अमित कुमार

3.म0कां0 आराधना देवी

Mahoba Police

Mahoba Police